प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

21 फरवरी 2025

# भारतीय रिज़र्व बैंक दीर्घावधि यूएसडी/ आईएनआर खरीद/ बिक्री स्वैप नीलामी के माध्यम से चलनिधि बढ़ाएगा

प्रणाली की टिकाऊ चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दीर्घावधि यूएसडी/ आईएनआर खरीद/ बिक्री स्वैप के माध्यम से दीर्घावधि के लिए रुपया चलनिधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। तदनुसार, रिज़र्व बैंक 3 वर्ष की अवधि के लिए 10 बिलियन अमरीकी डॉलर की यूएसडी/ आईएनआर खरीद/ बिक्री स्वैप नीलामी आयोजित करेगा।

नीलामी का विवरण निम्नानुसार है:

| **स्वैप राशि (बिलियन अमेरिकी डॉलर)** | **नीलामी की तारीख** | **नीलामी का समय** | **नियर लेग/ स्पॉट की तारीख** | **फार लेग की तारीख** |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 28 फरवरी 2025 | पूर्वाह्न 10.30 से पूर्वाह्न 11.30 | 4 मार्च 2025 | 6 मार्च 2028 |

बाजार सहभागियों को अपनी बोलियाँ उस प्रीमियम के अनुसार प्रस्तुत करनी होंगी जो वे स्वैप की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक को देने को तैयार हैं, जिसे दशमलव के दो स्थानों तक पैसे के रूप में व्यक्त करना होगा। नीलामी की कट-ऑफ प्रीमियम पर आधारित होगी। नीलामी एकाधिक मूल्य आधारित नीलामी होगी, अर्थात सफल बोलियाँ उनके संबंधित उद्धृत प्रीमियम पर स्वीकार की जाएँगी।

परिचालन संबंधी दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2221**